info@radiomadhuban.in www.radiomadhuban.in

ब्रह्माकुमारीज़ सामुदायिक रेडियो स्टेशन के नये स्टूडियो का उद्घाटन भ्राता दिपेन्द्रसिंह शेखावत जी (विधान सभा अध्यक्ष) ने किया

आबूरोड 23 मई: शान्तिवन आबूरोड परिसर में संचालित ब्रह्माकुमारीज़ सामुदायिक रेडियो स्टेशन ***रेडियो मधुबन 90.4 एफ़. एम.*** के नये स्टूडियो का उद्घाटन कार्यक्रम दिनांक 23 मई 2012 को संस्था की अतिरिक्त मुख्य प्रशासिका दादी रतन मोहिनी जी एवं भ्राता दिपेन्द्र सिंह शेखावत जी के करकमलों द्वारा सम्पन्न हुआ। यह स्टूडियो भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा स्थानीय समुदाय के सवार्थ बनवाया गया है, जिसका आज विधिवत रूप से लोकार्पण किया गया।

इस कार्यक्रम के प्रमुख घटनाक्रम निम्नलिखित रूप से हैं:-

- कार्यक्रम की शुरूवात 150 फीट ऊंचे ट्रांसमिशन टावर पर लगे ध्वज का आरोहण कर की गयी। यह ध्वजारोहण दादीजी ने रिमोट कन्ट्रोल के बटन मात्र दबाने से किया, जो कि अपने आप में एक अनोखा ध्वजारोहण था।

- इसके पश्चात् श्री दिपेन्द्र सिंह जी एवं दादीजी ने स्टुडियो का लोकार्पण, उद्घाटन पट्टिका का अनावरण विधिवत रूप से किया। श्रीफल तोड़ने की परम्परा का निर्वाह करते हुए, फीता काटकर स्टूडियो में सभी माननीय अतिथिगणों ने प्रवेश किया।

- श्री शेखावत जी ने भारत सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए आदरणीय दादीजी को औपचारिक तौर पर रेडियो एग्रीमेन्ट सौपा।

- श्री शेखावत जी ने रेडियो मधुबन के द्वारा की गयी समुदाय के उत्थान और मूल्यनिष्ठ समाज के निर्माण की दिशा में किये गये प्रयासों की सराहना की। उन्होंने रेडियो के सीधे प्रसारण में कहा- आज भी ऐसे कई स्थान हैं जहां पर टेलिविज़न एवं अन्य संचार माध्यम नहीं पहुंच सके। रेडियो ही एक मात्र माध्यम है जो सरकारी सुविधायें तथा सहूलियतों की जानकारी प्रधान करता है, साथ-साथ मनोरंजन एवं अन्य शैक्षणिक कार्य भी कर रहा है। रेडियो मधुबन को ऐसे कार्य में सफलता प्राप्त करने पर श्री शेखावत जी ने सराहना की।

- इस अवसर पर केक काटकर उद्घाटन को उत्सव का रूप दिया गया।

- शेखावत जी को रेडियो मधुबन सेवायें दे रहे सभी भाई-बहनों से अवगत कराया गया।

- इसके पश्चात् ब्रह्माकुमारी संस्था के परिसर का उन्हें अवलोकन कराया गया। अन्त में उन्हें संस्था के द्वारा की जाने वाली अन्य सेवाओं से अवगत कराया गया।